कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग, अयोध्या

पत्रांक 2242 /14–4 दिनांक:अयोध्या: 27/12 /2023

सेवा में,

वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक,
सा0वा0 सरयू वृत्त,
अयोध्या।

विषयः– अयोध्या बाईपास (उत्तरी एवं दक्षिणा बाईपास) 4/6 लेन के निर्माण में फैजाबाद वन प्रभाग में प्रभावित 1.586 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैरवानिकी प्रयोग एव बाधक 83 वृक्षों के पातन, बस्ती वन प्रभाग में प्रभावित 0.513 हे0 संरक्षित वन के गैरवानिकी प्रयोग एव बाधक 185 वृक्षों के पातन तथा गोण्डा वन प्रभाग में प्रभावित 0.381 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 51 वृक्षों के पातन अर्थात् कुल 2.48 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 319 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– भारत सरकार का पत्रांक–8बी/यू0पी0/06/303/2022/एफ0सी0/340 दिनांक 08.09.2023 एवं मुख्य वन संरक्षक, नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक 1571/11–सी–FP/UP/Road/151936/2022 दिनांक 26.12.2023 व आपका पत्रांक 1728/14–10 दिनांक 26.12.2023।

महोदय,

उपरोक्त विषयक मुख्य वन संरक्षक, नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के सन्दर्भित पत्र जो आपको सम्बोधित एवं अन्य सहित अधोहस्ताक्षरी को पृष्ठांकित है, में लगायी गयी आपत्तियों/कमियों से सम्बन्धित अभिलेख प्रयोक्ता विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया है।

अतः लगायी गयी इस कार्यालय से सम्बन्धित आपत्तियों/कमियों का बिन्दुवार निराकरण कर ऑनलाइन व हार्डकॉपी में संशोधित कर वांछित सूचना एवं प्रयोक्ता विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया आपत्तियों/कमियों का बिन्दुवार निराकरण Parivesh Portal पर ऑनलाइन अपलोड कर संस्तुति सहित निम्न प्रकार आपकी सेवा में प्रेषित है:–

क0 सं0	कमियों/अभिलेख	निराकरण
1	2	3
1	As per the DSS report, the KML file of the proposed CA land of Ayodhya district is wrong. As per the Geo referenced map and SOI toposheet, positional error has been found in the proposed CA land of the Ayodhya distict, This needs rectification.	क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित अवनत वनभूमि की संशोधित के0एम0फाइल, जियो रिफैरेन्सड मैप, व टोपोशीट उपलब्ध करायी गयी जो कि परिवेश पोर्टल के पार्ट–2 में पुनः अपलोड कर दिया गया है व उसकी एक प्रति संलग्नक कर प्रेषित है। क्षेत्रीय वन अधिकारी के रिपोर्ट के आधार पर चयनित स्थल पर्याप्त एवं उपयुक्त है। सी0ए0 चेक लिस्ट ऑनलाइन Additional Information Detail में अपलोड कर दिया गया है।
2	According to the Geo referenced map positional error has been found. This needs rectified.	वन प्रभाग गोण्डा द्वारा संशोधित संशोधित जियो रिफेरेन्सड मैप उपलब्ध कराया गया है जिसको पुनः ऑनलाइन पार्ट–2 में अपलोड कर दिया गया है।
3	As per the Google Earth imagery dated dated 29-03-2017, plantation activity has been observed on the poropsed CA land of Tikeri Range, Gonda.	प्रभागीय वन प्रभाग, वन प्रभाग गोण्डा के सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रस्तावित भूमि की संशोधित के0एम0फाइल, जियो रिफैरेन्सड मैप, व टोपोशीट उपलब्ध करायी गयी जो कि परिवेश पोर्टल के पार्ट–2 में पुनः अपलोड कर दिया गया है।
4	As per the Parivesh Portal Geo-referenced map of the proposed CA land of the Basti division is not clearly visible. This needs to be re-uploaded with high DPI on the Parivesh portal.	प्रभागीय वन प्रभाग, वन प्रभाग बस्ती के सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रस्तावित भूमि की उच्च स्तर की डी0पी0आई0 का जियो रिफैरेन्सड मैप, व टोपोशीट उपलब्ध करायी गयी जो कि परिवेश पोर्टल के पार्ट–2 में पुनः अपलोड कर दिया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

5	Roadside plantation scheme needs to be submitted.	रोडसाइड वृक्षारोपण का स्कीम पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित है एवं परिवेश पोर्टल पर ऑनलाइन Additional Information Detail में अपलोड कर दिया गया है।

अतः समस्त बिन्दुओं की कमियों/आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण कर Parivesh Portal पर ऑनलाइन अपलोड कर आपकी सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(सितान्शु पाण्डेय)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन प्रभाग, अयोध्या।

पत्रांक 2242/ उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित की सेवा में सन्दर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. उप वन महानिरीक्षक (केन्द्रीय), पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार केन्द्रीय भवन सेक्टर–एच अलीगंज, लखनऊ।
2. मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ।
3. परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार), परियोजना कार्यान्वयन इकाई, रायबरेली।

(सितान्शु पाण्डेय)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन प्रभाग, अयोध्या।

Scanned with OKEN Scanner